हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, मंगलवार, 12 अगस्त 2025


तापमान

अधिकतम 33 .0 डिग्री
न्यूनतम 28 .0 डिग्री


10 अलेवा ब्लॉक के लोगों को काम को लेकर नहीं...



10 तिरंगा शांति खुशहाली और समृद्धि का प्रतीक




## खबर संक्षेप

### जिला परिवेदना समिति की बैठक 18 को

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिला परिवेदना समिति की मासिक बैठक का आयोजन प्रशासनिक कारणों से 13 अगस्त की बजाए 18 अगस्त को सुबह साढ़े 12 बजे होगा। डीआरडीए के सभागार में होने वाली इस बैठक की अध्यक्षता जिला कष्ट निवारण समिति के चेयरमैन एवं प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा करेंगे।

### जानलेवा हमला करने का आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** कलायत क्षेत्र में एक मरीज की देखभाल कर रहे डॉ द्वारा मरीज पर जानलेवा हमला करने के मामले की जांच थाना कलायत पुलिस के एसआई हरपाल सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी गांव खरक भूरा जिला जींद निवासी डॉ. नरेन्द्र को गिरफ्तार कर लिया गया।

### बस की चपेट में आने से साइकिल सवार घायल

**जींद।** रोडवेज की बस ने एक साइकिल को टक्कर मार दी। जिसमें साइकिल सवार घायल हो गया। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चला कर चोट मारने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भिवानी रोड स्थित बूढ़ाबाबा बस्ती के सुरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह अपनी साइकिल पर जा रहा था। इसी दौरान हरियाणा रोडवेज की एक बस ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया।

### गांव देवबन में अज्ञात ने बाइक को लगाई आग

**कैथल।** गांव देवबन में किसी अज्ञात व्यक्ति ने एक बाइक को आग लगा दी। गांव देवबन के रणधीर ने विक्रम थाना पुलिस को शिकायत में बताया कि 8 अगस्त को वह अपनी बाइक को घर के बाहर खड़ा कर अंदर सो गया। जब वह 9 अगस्त को उसने देखा तो किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी बाइक को आग लगा दी गई थी जिस कारण वह पूरी तरह से चलकर नष्ट हो गई।

### दुकान में घुसकर किया हमला, शिकायत दर्ज

**जींद।** भिवानी रोड स्थित गुप्ता कॉलोनी में एक दुकान में घुस कर आधा दर्जन लोगों ने दुकान मालिक को लाठी व डंडों से पीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। भिवानी रोड स्थित दुकानदार सुरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका और देवा का झगड़ा चला आ रहा है। जिसमें उसने मामला भी दर्ज करवाया हुआ है।

### चोरों ने हजारों की नकदी और सामान चुराया, केस

**कैथल।** कस्बा चीका से चोर हजारों रुपये का सामान चुरा कर ले गए। दानी देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कर 7 अगस्त की रात को उनके वार्ड नंबर चार स्थित घर में घुसकर वहां पर रखा हजारों रुपए का सामान चुरा कर ले गए। मुख्य सिपाही सुमित कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### घर में घुसकर चार लाख के गहने चुराए, केस दर्ज

**जींद।** सफीदों में चोरों ने एक मकान में घुसकर चार लाख रुपये के गहने चोरी कर लिए। सफीदों शहर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सफीदों स्थित कुम्हारों वाला मोहल्ला निवासी संतरा देवी ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

### ब्लाइंड मर्डर मिस्ट्री में तीन आरोपी काबू

**कैथल।** सोलुमाजरा से चुहड़माजरा सड़क निर्माणाधीन राइस मिल के पास व्यक्ति के शव बरामद होने की ब्लाइंड मर्डर मिस्ट्री को सॉल्व करते स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट द्वारा उल्लेखनिय सफलता हासिल करते हुए तीन आरोपियों को काबू किया गया है।

## *निजी अस्पतालों में बंद सात अगस्त से सर्जरी, नागरिक अस्पताल में सर्जरी को लेकर हो रही माथापच्ची*

# सर्जरी को लेकर भटके आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को सात अगस्त से लाभ नही मिल रहा है। आयुष पैनल पर मौजूद निजी अस्पतालों द्वारा आयुष्मान कार्ड धारकों के आप्रेशन करने से मना कर दिया है। जींद में आयुष पैनल पर 19 अस्पताल हैं। ऐसे में इन अस्पतालों में सर्जरी, आप्रेशन न होने पर सारा भार नागरिक अस्पतालों पर आ गया है। इंडियन मेडिक्ल एसोसिएशन की हरियाणा इकाई ने साफ कहा है कि जब तक निजी अस्पतालों को बकाया नही दिया जाता तब तक इलाज नही हो सकेगा।

ऐसे में आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए परेशानी खड़ी हो गई है। नागरिक अस्पताल की ओपीडी पहुंची 2100 पार सोमवार को नागरिक अस्पताल की ओपीडी 2112 रही। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि निजी अस्पतालों द्वारा आप्रेशन उपचार सुविधा बंद किए जाने के चलते आयुष्मान कार्ड धारक सरकारी अस्पताल का का रूख कर रहे हैं। नागरिक अस्पताल के सर्जन पर पहले ओपीडी और फिर आप्रेशन का लोड है। बावजूद इसके अब ओपीडी बढ़ गई है। ओपीडी में ज्यादातर वही लोग आ रहे हैं, जिनके आप्रेशन निजी अस्पतालों में होने थे और अब निजी अस्पताल चिकित्सक आप्रेशन से मना कर रहे हैं। ऑर्थो और सर्जन की ओपीडी भी डेढ़ से दोगुणा तक बढ़ गई है। इमरजेंसी वार्ड पर भी बढ़ा दबावः नागरिक अस्पताल के एमरजेंसी वार्ड पर भी उपचार का दबाव बढ़ गया है। आप्रेशन वाले अधिकतर मरीज एमरजेंसी में ही उपचार के लिए आ रहे हैं। सोमवार को जैसे ही अस्पताल खुला तो एमरजेंसी वार्ड के बाहर पर्ची काउंटर पर लोगों की लंबी-लंबी लाइनें लग गई। एक-एक कर सब मरीज एमरजेंसी की तरफ जाने लगा। हालांकि स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा जनरल ओपीडी को लेकर संबंधित चिकित्सकों के कमरों में जाने के लिए कहा गया लेकिन लोग मानने को तैयार नही थे।

### नागरिक अस्पताल की ओपीडी पहुंची 2100 पार



जींद। दवा खिड़की पर लोगों की भीड़। फोटो :हरिभूमि

#### आमजन को नही आने दी जाएगी परेशानी : सीएमओ

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने कहा कि अस्पताल के पास जितनी भी सुविधाएं हैं, सब मरीजों को उपलब्ध करवाई जा रही हैं। आप्रेशन को लेकर संबंधित सर्जनों को दिशा-निर्देश दिए गए हैं। प्रयास है कि सर्जरी या आप्रेशन को लेकर आमजन को किसी तरह की कोई परेशानी न आए।

#### कभी भी समय पर नही किया भुगतान : डा. अनिल

आइएमए के जिला प्रधान डा. अनिल जैन ने कहा कि सरकार, एसएचए द्वारा लंबे समय से देय भुगतान समय पर नहीं किया गया। इस कारण से सेवाएं बाधित हो रही हैं और अस्पतालों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही अनुबंध संबंधित एवं प्रशासनिक समस्याओं के समाधान में भी गंभीर चूक की बात कही गई है। एसएचए द्वारा यह दावा किया गया है कि सभी मुद्दे सुलझा लिए गए हैं लेकिन यह सच नही है। डा. जैन ने कहा कि उनके अनुसार भुगतान में लगातार देरी हो रही है। पैकेज दरे वास्तविक खर्च से मेल नहीं खाती।

## नागरिक अस्पताल में चिकित्सक का कारनामा

### पर्ची वाले कैबिन में बैठ लिख दी इमरजेंसी मरीज की दवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल अपनी कारगुजारियों को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहता है। अस्पताल में आने वाले लोग ये सोचते हैं कि उन्हें उपचार मिलेगा लेकिन यहां आने वाले लोगों को धक्के और फिर दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ता है। ऐसे में स्वतः अंदाजा लगाया जा सकता है कि मरीज व उनके तिमारदारों पर क्या बीतती होगी। ऐसा ही मामला अधिवक्ता के साथ हुआ जब चिकित्सक अपनी सीट पर ना होकर पर्ची काटने वाले कैबिन के अंदर से ही मरीज को पूछ कर बिना किसी प्रथमिक उपचार के सीधा दवाई लिख रहा है। बाकायदा दुर्व्यवहार भी हुआ। अधिवक्ता ने मामले की शिकायत सीएमओ से की है। यह है मामलाः अर्बन एस्टेट निवासी अधिवक्ता शुभम जयहिंद ने बताया कि रात्रि करीब दो बजे उनके छोटे भाई एडवोकेट राहुल को इमरजेंसी कमर दर्द एवं साथ में बुखार हो गया था। जिसको दिखाने हम रात को ही नागरिक अस्पताल में पहुंचे। करीब 2:21 मिनट पर पर्ची कटवाने पर्ची काउंटर पर पहुंचे तो पर्ची कैबिन में अंदर तीन व्यक्ति बैठे थे। जिनमें से एक व्यक्ति ने उनसे मरीज का नाम, उम्र एवं समस्या पूछी तो उन्होंने नाम राहुल, उम्र 25 एवं समस्या कमर दर्द एवं साथ में बुखार बताया। उन्होंने मुझे ओपीडी पर्ची काट कर सीधा स्टाफ से मिलने को कहा। वो जैसे ही अंदर आपातकाल डॉक्टर के कैबिन में पहुंचे तो अंदर एक नर्स थी। जिसको पर्ची दी। जिस पर नर्स ने बताया कि डाक्टर पर्ची वाले केबिन में हैं। उन्होंने लिख तो दी इस पर दवाई। मैने कहा कि उन्होंने केवल खिड़की से पूछा है, डाक्टर ने मरीज को देखा तक नही और ना ही कोई प्रथमिक उपचार किया गया है। उन्होंने नर्स से पूछा कि डाक्टर को यहां पर मरीजों को देखना चाहिए या पर्ची कैबिन में तो। नर्स ने भी बड़े गुस्से में बोला कि तुम्हें दिखाने से मतलब है, तो मै तुरंत पर्ची कैबिन में वापस गया और मैने पर्ची कैबिन में बैठे तीनों लोगों से पूछा कि आप तीनों में डाक्टर कौन है तो उनमें से एक बड़े अकड़ में बोला हां मैं हु बोलो क्या करना है। बावजूद इसके मैने नम्रतापूर्वक नाम पूछा तो उसने फिर अक्कड़ के बोला कि नवीन डाक्टर। मैं वहां से ये सब पूछ कर चला गया।


#### शिकायत मिलने पर करवाई जाएगी जांच : सीएमओ

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि मामला संज्ञान में नही आया है। अगर ऐसा हुआ है तो मामले की जांच करवाई जाएगी। मरीजों उनके तिमारदारों के साथ दुर्व्यवहार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नही किया जाएगा।

#### तो केबिन क्यों बनाया

एडवोकेट शुभम ने कहा कि चिकित्सकों को जब केबिन दिए गए हैं तो वो पर्ची केबिन में मरीजों की खिड़की से बीमारी के बारे में पूछ कर सीधा लिखकर क्यों दे रहे हैं। अगर डाक्टर को मरीज अगर पर्ची केबिन में ही देखना है तो उनको केबिन क्यों दिए गए हैं। क्या चिकितसक को मरीजों से दुव्यवहार का लाइसेंस दिया गया है। इसलिए रात्रि की सीसी टीवी फुटेज को निकलवा कर देखें कि डाक्टर पर्ची केबिन में आखिर मरीजों को क्यों देख रहे थे और वो भी केवल खिड़की से बीमारी का पूछ कर वो सीधा दवाई लिख कर स्टाफ से मिलने को बोल रहे थे। अगर इस दौरान मरीज के साथ कोई अनहोनी होती तो, इसकी जिम्मेवारी कौन लेता। इसलिए डाक्टर नवीन एवं नर्स के खिलाफ तुरंत विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की जाए।

ड्यूटी नोटिस बोर्ड की फोटो।







नरवाना। मंच पर मौजूद मंत्री बेदी। फोटो :हरिभूमि

#### केंद्र और प्रदेश में एक समान विकास : बेदी

**नरवाना।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि वर्तमान केंद्र एवं प्रदेश सरकार में राजनीतिक पार्टी बाजी से ऊपर उठकर सभी वर्गों के एक समान विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर किया जाता है। नरवाना के प्रत्येक नागरिक को चिकित्साए शिक्षा और सुरक्षा सहित प्रत्येक सुविधा का लाभ मिलेए इसके लिए मैं प्रयासरत हूं। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी रविवार देर सायं विधानसभा हलका के गांव जाजनवाला में अपने धन्यवादी दौरे के दौरान आयोजित ग्रामीण सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जाजनवाला गांव की पंचायत की मांग पर करीब तीन दर्जन विकास कार्यों को पूरा करवाने का आश्वासन दिया। विकास कार्यों पर खर्च आने वाली अनुमानित 2 करोड़ 50 लाख रुपए की राशि मंजूर की और साथ ही 51 लाख रुपए की अतिरिक्त अनुदान राशि देने की भी घोषणा की।

### चोरी के दो आरोपितों से दो मोटरसाइकिल बरामद

**कैथल।** एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ द्वारा दो आरोपियों को काबू कर लिया गया। जिनके कब्जे से 2 चोरीशुदा बाइक बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कलायत निवासी सोमदत्त की शिकायत अनुसार 8 अगस्त को पुरानी नगर पालिका कलायत के पास से उसकी बाइक को अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गए। जिस बारे थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज कर लिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि मामले की जांच एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एसआई जयभगवान, होमगार्ड सतीश व मनोज की टीम द्वारा करते हुए आरोपी जिला जींद के गांव डाहोला निवासी अजय व शाही राम को काबू कर लिया गया। आरोपियों के कब्जे से दो चोरीशुदा बाइक बरामद की गई है।

## स्टोर में आग लगने से 30 लाख का सामान खाक

- एसी विडों तोड़कर परिजनों को निकाला बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

शहर के सनसिटी में सोमवार को अल सुबह करीब चार बजे एक करियाना स्टोर में आग लगने से लाखों का सामान जलकर राख हो गया। स्टोर के ऊपर बने मकान में ही परिवार के सदस्य भी रहते हैं। आग इतनी धधकी कि पड़ोसियों की सहायता से परिवार के छह सदस्यों ने विंडों एसी निकालकर वहां से सीढियों के माध्मय से उतरकर अपनी जान बचाई। प्राप्त जानकारी अनुसार परिवार के सदस्य तीसरी मंजिल पर थे। इसके बाद विंडों एसी को निकालकर गैलरी के माध्यम से दूसरी मंजिल पर आए और फिर पहली मंजिल पर आए। इस पूरे घटनाक्रम में दमकल विभाग के कर्मियों का काफी अहम रोल रहा। आगजनी से करियाना व बिजली का पड़ा करीब 30 लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया। परिवार के सदस्य नवीन कुमार ने बताया कि रात के समय अचानक आग धधकने लगी। अनुमान के अनुसार बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। उन्होंने बताया कि करीब चार बजे आग धधकने से जब उनका दम घुटने लगा तो उन्होने शोर मचाया और परिवार के सभी छह सदस्य उठ खड़े हुए। इसके बाद शोर मचाया तो पड़ोसी आ गए। उन्होंने दमकल केंद्र में फोन किया। सूचना मिलते ही दमकल की गाडी भी मौके पर पहुंची। नीचे सीढियों व अन्य स्थल पर धुआं व आगजनी से परिजनों का निकलना मुश्किल था। ऐसे में इतने में यहां लगे विंडो एसी को स्विच ऑफ कर इसे अंदर निकाला और विंडो एसी की बनी खिडकी से लकडी की सीढियों के माध्यम से परिजनों को बाहर निकाला गया। ऐसा बताया जा रहा है कि यदि थोड़ी सी देर और जागने में होती तो भारी जानमाल का नुकसान हो सकता था। अभी तक आग के कारणों का पता नहीं चल पाया है।



कैथल। सनसिटी में करियाना स्टोर पर लगी आग से जला सामान तथा टूटे शीशे

## तीन दिन से लापता युवक का शव माइनर से बरामद

- परिजनों ने जताया मौत पर संदेह, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों से तीन दिन पहले दोस्त के बच्चों को अपनी गाड़ी से दिल्ली छोडऩे गए अर्टिगा गाड़ी चालक की डेड बॉडी गांव रजाना कलां के निकट माइनर से गड़ी सड़ी हालात में बरामद हुई है। मृतक की गाड़ी भी गायब है। परिजनों ने चालक की मौत पर संदेह जताया है और अनहोनी घटना का शिकार बताया है। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। सफीदों के आदर्श कालोनी निवासी अनिकेत (25) गत आठ अगस्त को अपने दोस्त के बच्चों को दिल्ली छोडऩे के लिए गया था। जिसके बाद वह घर वापस नही लोटा। परिजनों की अनिकेत से अंतिम बार बातचीत नौ अगस्त की मध्य रात्रि हुई थी। जिसने सुबह दो बजे तक घर पहुंचने की बात कही थी। बावजूद इसके वह घर नही लौटा। सोमवार को अनिकेत की डेड बॉडी गांव रजाना कलां माइनर से बरामद हुई है। शव माइनर में पड़ी रस्सी में अटका हुआ था। घटना की सूचना पाकर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल पहुंचाया। मृतक की जेब से मिले मोबाइल फोन के आधार पर मृतक की पहचान संभव हो पाई। मृतक के ताऊ विनोद ने बताया कि अनिकेत की गाड़ी का कोई सुराग नही लगा है। जब उन्होंने आठ अगस्त देर शाम को अनिकेत से बातचीत की तो उसकी लोकेशन पानीपत थी। नौ अगस्त अल सुबह की जब लोकेशन ली गई तोवह गांव अंटा टावर की मिली। विनोद ने संदेह जताया कि उसका भतीजा अनहोनी घटना का शिकार हुआ है। उसने गाड़ी लूट की आशंका भी जताई। फिलहाल पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम की प्रक्रिया को पूरा किया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जो भी सामने आएगा, उसके आधार पर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



जींद। मृतक अनिकेत का फाइल फोटो।

#### रिपोर्ट के आधार पर होगी कार्रवाई

पिल्लूखेड़ा थाना के जांच अधिकारी संजय ने बताया कि शव गल सड़ चुका है। पोस्टमार्टम बोर्ड द्वारा करवाया जाएगा। जो भी रिपोर्ट में आएगा, उसके आधार पर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## एक-दूसरे खोखे में बिजली की सप्लाई करते मिले चार कनेक्शन धारक

- बिजली निगम की टीम ने उपमंडल परिसर में की छापेमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

बिजली निगम की टीम द्वारा जेई दर्शन की अगुवाई में उपमंडल परिसर में छापेमारी की। यहां पर लगे खोखे एक-दूसरे को बिजली सप्लाई करते मिले। चार ऐसे कनेक्शन मिले जो दूसरे खोखे में बिजली सप्लाई दिए हुए थे। बिजली निगम की टीम द्वारा छापेमारी किए जाने की सूचना मिलने के बाद कुछ खोखे धारक तो अपने खोखो को बंद करके चले गए। यहां पर चैकिंग कर बिजली निगम द्वारा एलएलवन भरी गई। कई ऐसे कनेक्शन धारक मिले जो आस-पास के खोखे में बिजली की सप्लाई दे रहे थे। बिजली निगम के एसडीओ जोजो तनेजा ने बताया कि एसडीएम के निर्देश पर उपमंडल कार्यालय में छापेमारी की है। वहां पर कई खोखे मिले है। यहां पर सामने आया कि एक कनेक्शन से कई खोखो में बिजली की सप्लाई हो रही है जो गैर कानूनी है। एलएलवन भर दी गई है जितनी वहां चैकिंग की थी। चार कनेक्शन थे जो आगे बिजली को सप्लाई देकर बेच रहे थे। कोई एक खोखे में सप्लाई दे रहा था तो कोई उससे अधिक दे रहा था। ये सब एलएलवन में लिख दिया गया है। सभी खोखे वहां मौके पर चैक किए गए है। कोई डायरेक्टर तार नहीं मिली है। कुछ ऐसे मिले हैं जिन्होंने घरेलू बिजली कनेक्शन लिए है उनको एनडीएस में लेने चाहिए था उस हिसाब से भी कार्यवाही की जाएगी। जुर्माना अभी नहीं लगाया है। जो निगम के नियम है उस हिसाब से जुर्माना लगाया जाएगा।

## पंचायत समिति सीवन के वाइस चेयरमैन बने पूर्व विधायक बाजीगर समर्थित सुरेंद्र कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

पंचायत समिति सीवन के वाइस चेयरमैन पद के लिए सोमवार को खंड कार्यालय में चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव में बतौर निर्वाचन अधिकारी सीईओ जिला परिषद सुरेश रावीश ने की, जबकि खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी नेहा शर्मा भी इस दौरान मौजूद रहीं। सुरेश रावीश ने बताया कि चुनाव में सभी 16 पंचायत समिति सदस्यों ने भाग लिया। यह चुनाव ईवीएम के माध्यम से कराया गया। वाइस चेयरमैन पद के लिए सुरेंद्र सिंह कश्यप और रॉकी के बीच मुकाबला हुआ। मतदान में सुरेंद्र सिंह को 12 वोट जबकि रॉकी को 4 वोट मिले। इस तरह सुरेंद्र सिंह ने स्पष्ट बहुमत से जीत दर्ज करते हुए वाइस चेयरमैन का पद हासिल किया। सुरेंद्र सिंह भाजपा एवं पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर समर्थित हैं। नव-निर्वाचित वाइस चेयरमैन सुरेंद्र सिंह कश्यप भाजपा के शक्ति केंद्र प्रमुख भी हैं, और भाजपा समर्थित होने का उन्हें इस चुनाव में सीधा लाभ मिला। इस चुनाव परिणाम में एक बार फिर पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर ने गेम चेंजर की भूमिका निभाई। पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर ने जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि प्रदेश में विकास की जो लहर बह रही है, वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में संभव हो पाई है।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष शैली मुंजाल, पंचायत समिति चेयरपर्सन बलविंदर कौर, मांगेराम जिंदल, किसान सेल के जिला अध्यक्ष संजय सैनी, गुरमीत सिंह, गगन, निर्भय सिंह ओलख, बंसीलाल, जसबीर, अमन, विक्की शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



सीवन। नव निर्वाचित वाइस चेयरमैन सुरेंद्र सिंह को विजय प्रमाण पत्र देते अधिकारी।


हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

पाठकों के लिए आवश्यक सूचना

"पाठक इनामी योजना 2025" के सभी कूपन अखबार में प्रकाशित हो चुके हैं। इसके प्रपत्र जमा करने प्रारम्भ कर दिये गये हैं। आप अपने प्रपत्र को साधारण डाक द्वारा हरिभूमि के मुख्यालय में भेज सकते हैं। क्षेत्र में स्थित हरिभूमि कार्यालय या अपने नजदीकी समाचार पत्र एजेन्ट के पास भी प्रपत्र पूरा भरकर जमा करवा सकते हैं। फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि 30 सितम्बर 2025 रखी गई है। किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें :-

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि कार्यालय

हरिभूमि, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8814999173, 9253681005
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## खबर संक्षेप

### जींद: गांव किशनपुरा में रक्तदान शिविर आज

**जींद।** युवा विकास समिति का रक्तदान शिविर 12 अगस्त को गांव किशनपुरा के सरकारी स्कूल में रक्तदान शिविर व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। अध्यक्ष प्रदीप रेढू ने बताया कि युवा विकास समिति जींद के द्वारा रक्तदान शिविर का शुभारंभ भाजपा युवा नेता रुद्राक्ष मिड्ढा करेंगे और वशिष्ठअतिथि के तौर पर सीएमओ सामान्य अस्पताल जींद डा. सुमन कोहली होंगे।

### ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने किया मांगों पर मंथन

**जींद।** ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा संबंधित सीटू जिला कमेटी जींद की बैठक प्रधान गुलाब बिरौली की अध्यक्षता में हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए यूनियन के जिला सचिव पवन कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री ने 24 नवंबर 2024 को जींद में डीएससी समाज के सम्मेलन में सफाई कर्मचारियों का वेतन 26 हजार रुपये करने की घोषणा की थीए लेकिन आज तक भी इसका नोटिफिकेशन जारी नहीं हुआ है।

### भंभेवा में लगाया रक्तदान शिविर

**जींद।** विश्व युवा दिवस के अवसर पर गांव भम्भेवा के घणघस भवन में जय हिंद फाऊंडेशन के सौजन्य से ग्राम पंचायत भम्भेवा ने सरपंच नवीन कुमार की अध्यक्षता में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर जिला पार्षद जोगिंद्र पहलवान उपस्थित रहे। जिन्होंने स्वयं रक्तदान कर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया।

### राह ग्रुप देगा 101 हस्तियों को ग्लोबल रोल मॉडल अवार्ड

**जींद।** देशभर में पौधारोपण, शिक्षा व समाजसेवा के क्षेत्र की प्रेरणादायक प्रतिभाओं को राष्ट्रीय पहचान देने की दिशा में राह ग्रुप फाउंडेशन ने प्रदेश के 101 हस्तियों को ग्लोबल रोल मॉडल अवार्ड प्रदान करेगा। जिसमें से दूध नगरी जींद जिले की 11 हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा। इस बार इस बार के अवार्ड प्रोग्राम को एक्सप्लोर इंडिया अभियान से जोड़ा गया है।

### स्वतंत्रता दिवस:तैयारियों को लेकर एसडीएम ने ली बैठक

**उचाना।** उचाना स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर एसडीएम दलजीत सिंह द्वारा उपमंडल कार्यालय में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया और 15 अगस्त को आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। एसडीएम ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस देश की आन-बान और शान का प्रतीक है।

### हर घर तिरंगा अभियान के लिए कर रहे प्रेरित

**जींद।** मेरा युवा भारत जींद युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के द्वारा हर घर तिरंगा आभियान चलाया जा रहा है। जिला युवा अधिकारी हरप्रीत के निर्देश अनुसार हर घर तिरंगा आभियान के तहत राष्ट्रीय युवा स्वयंसेको द्वारा हर रोज गांवों में जाकर व शिक्षण संस्थानों में जाकर हर घर तिरंगा के बारे में बताया जाता है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के बारे में जानकारी दी जाती है और अधिक रजिस्ट्रेशन के लिए प्रेरित किया जाता है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम का शानदार समापन

**नरवाना।** स्थानीय पीएमश्री राजकीय विद्यालय नरवाना में प्राथमिक स्कूलों के 6 से 11 वर्ष आयु वर्ग के खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य समापन हुआ। तीन दिवसीय आयोजन का शुभारंभ 9 अगस्त को हुआ था। समापन समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र आजाद ने की।

### सीजेएम ने किया कलाम बाल आश्रम का निरीक्षण

**जींद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला एवं न्यायाधीश कम चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जींद डा. चंद्रहास के निर्देशानुसार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मोनिका ने कलाम बाल आश्रम का औचक निरीक्षण किया। प्राधिकरण सचिव ने कलाम बाल आश्रम में रह रहे बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली।

---

*महीने में दो दिन अलेवा तहसील में जाएंगे एसडीएम*

# अलेवा ब्लॉक के लोगों को काम को लेकर नहीं आना पड़ेगा उचाना

*विधायक से जनता दरबार में लोगों ने की थी मांग*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। उचाना



**उचाना।** जनता दरबार में लोगों की समस्याओं को सुनते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री। *फोटो :हरिभूमि*

अलेवा ब्लॉक के लोगों को अब अपने कामों को लेकर उचाना नहीं आना पड़ेगा। अलेवा की तहसील में अब दो दिन सुनिश्चित करके एसडीएम दलजीत सिंह वहां जाएंगे। यहां पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ तहसील कार्यालय में बैठकर लोगों की समस्याओं को सुनेंगे। यहां पर अलेवा ब्लॉक के लोग अपनी समस्याओं को लेकर आ सकते है। उचाना ये अलेवा की दूरी 30 किलोमीटर के आसपास है। यहां पर आने-जाने के लिए वाहनों की कम आवागमन होने के चलते आम जनमानस को आने-जाने में परेशानी होती है। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री द्वारा अपने आवास पर लगाए जाने वाले जनता दरबार में लोगों ने मांग की थी। एसडीएम उचाना से भी लोगों ने मिलकर ये मांग की थी कि अलेवा में महीने में कम से कम दो बार एसडीएम तहसील कार्यालय आए ताकि लोगों को अपने कामों को लेकर उचाना न आना पड़े अलेवा में ही उनके काम बन सकें। ये मांग विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री द्वारा लोगों की पूरी कर दी है। विधायक का जताया लोगों ने आभार : अलेवा ब्लॉक के सतबीर, कुलबीर, मंजीत, बलजोर ने कहा कि उचाना उपमंडल कार्यालय में आने पर पूरा दिन उनका आने-जाने में लग जाता है। आने-जाने में वाहनों का यहां पर कम आवागमन के चलते परेशानी होती है। अलेवा में एसडीएम महीने में दो बार तहसील कार्यालय में आए तो उनको उचाना आना-जाना नहीं पड़ेगा। इसको लेकर एसडीएम के साथ.साथ विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री से भी मांग की थी। ये मांग उनकी पूरी विधायक ने कर दी है। अब उनको काम के लिए उचाना नहीं आना-जाना पड़ेगा। महीने में दो दिन एसडीएम अलेवा तहसील के लिए सुनिश्चित करेंगे। दो दिन अलेवा तहसील में जाकर सुनेंगे समस्याः एसडीएम दलजीत सिंह ने कहा कि महीने में दो दिन का शेड्यूल अलेवा तहसील का बनाया जाएगा। यहां पर अधिकारियों के साथ वो लोगों की समस्याएं सुनेंगे। सीएम के आदेशानुसार सोमवार, गुरूवार को उपमंडल कार्यालय में समाधान शिविर लगाया जाता है। जल्द दो दिन महीने में कौन से होंगे ये सुनिश्चित किया जाएगा।

#### लोगों ने की थी मांग

उचाना विधायक देवेंद्र अत्री ने कहा कि वो हर रोज अपने आवास पर जनता दरबार लगा कर लोगों की समस्याओं को सुनते है। अलेवा ब्लॉक के लोगों द्वारा महीने में दो बार एसडीएम के अलेवा तहसील में बैठ कर लोगों की समस्याओं के सुनने की मांग की थी ताकि अलेवा ब्लॉक के लोगों को उचाना न आना पड़े। एसडीएम से बातचीत कर लोगों की ये मांग पूरी कर दी गई है।

---

## राजकीय कालेज में छात्रों ने निकाली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद




**जींद।** तिरंगा यात्रा निकालते हुए। *फोटो हरिभूमि*

राजकीय महाविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान के तहत देशभक्ति और एकता के संदेश को प्रबल करने हेतु तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्राचार्य डा. सत्यवान मलिक ने की। इसका आयोजन एनसीसी सीनियर विंग एवं सीनियर डिवीजन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के सहयोग से किया। कार्यक्रम का संचालन एनसीसी अधिकारी एएनओ ले. पंकज बत्तरा एवं सीटीओ डा. ज्योति द्वारा किया गया। यात्रा में लगभग 150 एनसीसी सीनियर डिवीजन एवं सीनियर विंग कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवक तथा अन्य छात्र व छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर देशभक्ति के नारों के साथ नगर में जनजागरण किया। महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे जिससे माहौल और भी उत्साहपूर्ण बन गया। प्राचार्य डा. सत्यवान मलिक ने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नही बल्कि हमारे राष्ट्र की शान, बलिदान और एकता का प्रतीक है। प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह इसका सम्मान करे और देश की प्रगति एवं सद्भाव में अपना योगदान दे। यह यात्रा महाविद्यालय के इस संकल्प को दर्शाती है कि वह युवाओं में राष्ट्रीय गौरव और जिम्मेदारी की भावना जागृत करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा।



**नरवाना।** बच्चों को सम्मानित करते हुए। *फोटो हरिभूमि*

## प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान

**नरवाना।** श्री श्याम बाल वाटिका पब्लिक स्कूल में सोमवार का दिन गर्व और प्रेरणा से भरा रहा जब तीन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उनकी अद्वितीय उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। सत्यम गर्ग नीट परीक्षा में 4399 वा रैंक और दक्ष ने 4826 वा रैंक लेकर राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम ऊँचा किया। सत्यम ने अपनी शिक्षा की शुरुआत इसी विद्यालय से कीए वहीं दक्ष ने इसी वर्ष यहाँ से उत्तीर्ण होकर यह उपलब्धि हासिल की। खेल के क्षेत्र में भी विद्यालय का परचम लहराते हुए कक्षा 9 के एक विद्यार्थी लक्ष्यजीत ने गोला फेंक और चक्र फेंक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय की प्राचार्या ज्योति अरोड़ा ने इस अवसर पर कहा कि जीवन में पढ़ाई और खेलए दोनों का संतुलन आवश्यक है। हर बच्चा पढ़ाई में प्रथम आएए यह जरूरी नहीं। खेलों में भी आप नई ऊँचाइयाँ छू सकते हैं और उज्ज्वल भविष्य बना सकते हैं।

## जिला बाल संरक्षण विभाग करेगा नाबालिग की काउंसलिंग

**जींद।** अलेवा थाना के एक एएसआई समेत दो कर्मचारियों द्वारा बिधाना निवासी एक नाबालिग बच्चे को अनैतिक रूप से शारीरिक तथा मानसिक यातनाएं देने के आरोपों के मामले में जिला बाल संरक्षण विभाग ने जांच शुरू कर दी है। इसके लिए विभाग नाबालिग बच्चे की काउंसलिंग कर इसकी रिपोर्ट एसपी को सौंपेगा। बिधाना निवासी सुमन ने अलेवा थाना के एक एएसआई तथा एक अन्य कर्मचारी पर नाबालिग बेटे को अनैतिक रूप से शारीरिक तथा मानसिक यातनाएं देने के आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत सीएम विंडो तथा बाल संरक्षण अधिकारी जींद को दी थी। उनका आरोप था कि छोटे लड़के मंयक, उदित के साथ 31 जुलाई को दुड़ाना निवासी हर्गुन और चीमा ने मार पिटाई की थी। जिसका बाद में समझौता भी हो गया था लेकिन तीन अगस्त को इन युवकों ने छोटे बेटे को जान से मारने की धमकी देने की बात कह कर उसके बेटे साहिल को फोन कर गांव के मोड़ पर बुला लिया और इन युवकों ने आठ से 10 अन्य युवकों के साथ उसके बेटे की पिटाई शुरू कर दी। उसके बाद दुड़ाना निवासी हर्गुन और चीमा के परिवार के लोगों ने बेटे साहिल की शिकायत अलेवा थाना में दे दी।

---

## जिलास्तरीय योग प्रतियोगिता संपन्न

**जींद।** हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के निदेशक तथा योग एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने कहा कि जींद जिला का योगदान योग के क्षेत्र में महत्वपूर्ण है। क्योंकि जींद से दो बच्चों ने राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल प्राप्त कर जींद का गौरव बढ़ाया है। डा. विद्यार्थी जिला चैंपियनशिप के पुरस्कार वितरण समारोह में योग साधकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि दो दिन चली इस प्रतियोगिता में 90 युवाओं सहित 160 विधाओं ने भाग लिया। जिसमें प्रत्येक उम्र के आयु वर्ग का उत्साहजनक प्रदर्शन रहा। उन्होंने बताया कि 29-30 अगस्त को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन भी जिला योगासन खेल संगठन के द्वारा डीएवी स्कूल अर्बन स्टेट में किया जाएगा। जिलास्तीरय योग प्रतियोगिता के परिणाम आर्टिस्टिक युगल में लड़कों में हिमांशु, हर्ष, सुमित, अभिषेक, देवांश, आर्यन प्रथम स्थान पर रहे। वहीं अंकुश, परीक्षित, दिग्विजय, सौरभ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।




**जींद।** योग प्रतियोगिता में योगासन करते हुए साधिक।



**जींद।** स्वतंत्रता दिवस को लेकर पीटी करते बच्चे।

## भव्य रिहर्सल सफलतापूर्वक संपन्न

**जींद।** पुलिस लाइन मैदान में सोमवार को जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की भव्य रिहर्सल सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस रिहर्सल में सभी विभागों एवं प्रतिभागी संस्थाओं ने अनुशासन, ऊर्जा और उत्कृष्ट तालमेल का प्रदर्शन करते आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया। मुख्य समारोह 15 अगस्त को सुबह नौ बजे स्थानीय पुलिस लाइन मैदान में आयोजित होगा। रिहर्सल में हरियाणा पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी सीनियर एवं जूनियर विंग, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के जवानों ने शिरकत की। सभी प्रतिभागियों ने मार्च पास्ट, परेड गठन और अन्य औपचारिकताओं का बारीकी से अभ्यास कर यह सुनिश्चित किया कि मुख्य दिवस पर समारोह का संचालन पूर्ण गरिमा और सटीकता के साथ हो। नगराधीश मोनिका रानी ने बताया कि जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित करवाए जाएंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के बच्चे भाग लेंगे।

## जलभराव प्रभावित गांवों का निरीक्षण

**जींद।** जुलाना के एसडीएम होशियार सिंह ने सोमवार को विभिन्न गांव के खेतों में जलभराव की निकासी के कार्य का सिंचाई के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान गांव मालवी, झमोला, करेला, बुआना, भागखेड़ा तथा खरैंटी के खेतों जलभराव की निकासी का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अगर कहीं पर बरसात के कारण खेतों में जलभराव होता है तो तुरंत उसकी निकासी की जाए ताकि किसानों को जलभराव की कोई परेशानी नहीं हो। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा जलभराव की समस्या के निराकरण के लिए उचित व्यवस्था की है।



**जींद।** जलभराव का निरीक्षण करते एसडीएम। *फोटो :हरिभूमि*



**जुलाना।** मजदूर एसडीएम को मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए।

## पोर्टल बंद करने से मजदूरों में रोष

**जुलाना।** जुलाना भवन निर्माण मजदूर संघ इकाई की बैठक कस्बे के लेबर शैड में हुई जिसकी अध्यक्षता तहसील प्रधान सरोज रानी ने की। बैठक का संचालन भवन निर्माण के जिला जींद प्रधान सतीश ने किया। बैठक में मुख्य वक्ता हरियाणा भवन निर्माण मजदूर संघ के अध्यक्ष धर्मवीर सिंह लोहान, प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार नैन व सचिव सुरेंद्र सैनी ने मुख्य रूप से भाग लिया। लोहान ने बैठक को संबोधित करते हुए भवन निर्माण मजदूरों की समस्याओं को लेकर मजदूरों को सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों का पर्दाफाश करते हुए कहा कि सरकार ने भ्रष्टाचार का बहाना लेकर भवन निर्माण की साइट को बंद कर दिया गया। जिससे मजदूरों में काफी रोष है। क्योंकि भ्रष्टाचार मजदूरों ने नहीं किया भ्रष्टाचार सरकार की नीतियों ने किया जबकि सरकार ने 2018 के बाद मजदूरों के पंजीकरण व एक साल में 90 दिन का कार्य प्रमाण पत्र सरकार के उच्च अधिकारी, पंचायत सचिव, पटवारी व विभाग के अधिकारी को दिया गया। सरकार ने मजदूरों का पोर्टल बंद करके मजदूरों को मिलने वाली कल्याणकारी योजनाओं को भी पास किए गए आवेदनों को भी रोका गया।

---



**जुलाना।** बैठक में भाग लेते पार्षद। *फोटो हरिभूमि*

## वितीय एवं अनुबंध कमेटी का गठन

**जुलाना।** जुलाना कस्बे की नगरपालिका में पार्षदों की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगरपालिका के चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा ने की। बैठक में सर्वसम्मति से वार्ड दो की पार्षद कविता और वार्ड चार के मोनू को वित्तीय एवं अनुबंध कमेटी का सदस्य बहुमत से चुना गया। नपा के चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा ने कहा कि वितीय कमेटी में छह सदस्य होते हैं। नपा के प्रधानए उप प्रधान, नगरपालिका सचिव, नपा इंजिनियर और दो चुने हुए सदस्यों को कमेटी का सदस्य बनाया जाता है। कमेटी अब पूरी हो गई है। कमेटी के सदस्य पूरे होने से जुलाना के विकास को गति मिलेगी। इस मौके पर उप प्रधान पवन सैनी, राजू, जितेंद्र, राहुल, संदीप आदि मौजूद रहे।

# भागवत कथा को सुनने से मनुष्य के जन्म जन्मांतरों के पाप नष्ट : अरविंद


हरिभूमि न्यूज ▶▶। उचाना



**उचाना।** भागवत कथा में पहुंचे श्रद्धालु। *फोटो हरिभूमि*

उचाना शहर के कन्या स्कूल के पास स्थित कान्हा सेवा सदन में श्रीमद भागवत कथा के दूसरे दिन कथा वाचक अरविंद शास्त्री ने कहा कि भागवत कथा को सुनने से मनुष्य के जन्म जन्मांतरों के पाप कट जाते हैं।

कथा श्रवण से व्यक्ति को अश्वमेघ यज्ञ और राजसूय यज्ञ करने का फल प्राप्त हो जाता है। भगवान की भक्ति में ही शक्ति हैए भागवत कथा सही मार्ग दिखाती है। भक्ति करनी है तो धुरव और भक्त प्रहलाद जैसी करो। भगवान हमेशा अपने भक्त को पाना चाहते है। कथावाचक ने कहा कि धरती पर पाप का भार बढ़ा तो भगवान कृष्ण ने अपने भक्तों की रक्षा के लिए धरती पर अवतार लिया। भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहींए बल्कि जीवन जीने की कला है। जब नमुष्य अपने अहंकार, मोह और लोभ को त्याग कर भक्ति के मार्ग पर चलता है तभी उसके जीवन में सच्ची शांति और सुख का वास होता है।




**जींद।** बैठक में भाग लेते तालमेल कमेटी सदस्य। *फोटो हरिभूमि*

## तालमेल कमेटी ने बैठक कर लिया निर्णय

**जींद।** जियो फेंसिंग लोकेशन आधारित उपस्थिति के विरोध में प्रदेश के सभी चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मचारी आन्दोलन को तेज करते 22 अगस्त को होने वाले विधानसभा सत्र से पूर्व राज्य के सभी विधायकों व सांसदों को ज्ञापन देंगे और 28 अगस्त को सभी सिविल सर्जन कार्यालय पर 24 घंटे की भूख हडताल करेंगे। यह निर्णय स्वास्थ्य विभाग अधिकारी कर्मचारी तालमेल कमेटी की प्रदेश स्तरीय वर्चुअल मीटिंग में लिया गया। इसकी अध्यक्षता हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसिज एसोसिएशन के प्रधान डा. राजेश ख्यालिया ने की। बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते तालमेल कमेटी के सदस्य तथा स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ के प्रदेशाध्यक्ष राममेहर वर्मा, लैब टैक्नीशियन एसो.के कैशियर ओमपाल ढांडा ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से सभी विधायकों से जियो फेंसिंग लोकेशन आधारित उपस्थिति के गैर कानूनी आदेशों को वापस लेने के लिए विधान सभा में आवाज बुलन्द करने की मांग करेंगे। बताया कि सभी विधायकों को ज्ञापन देने के बावजूद भी सरकार द्वारा जियो फेंसिंग लोकेशन आधारित उपस्थिति दर्ज करने के आदेशों को वापस नही लिया गया तो 28 अगस्त को राज्य के सभी सिविल सर्जन कार्यालय व नागरिक अस्पताल के सम्मुख 24 घंटे की भूख हडताल करेंगे।

---

*विधायक अत्री की अगुवाई में उचाना हलके में निकाली तिरंगा यात्रा*

# तिरंगा शांति खुशहाली और समृद्धि का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। उचाना



**उचाना।** तिरंगा यात्रा में शामिल विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री एवं लोग।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत उचाना हलके में निकाली गई तिरंगा यात्रा में भारी भीड़ उमड़ी। उचाना हलके के गांव नगूरां से शुरू हुई तिरंगा यात्रा बधाना, घोघडिय़ा, करसिंधु से होते हुए शहर के रेलवे रोड पर वार्ड नंबर पांच में भगत सिंह चौक पर आकर सम्पन्न हुई। 25 किलोमीटर की यात्रा की दूरी पांच घंटे में तय हुई। यात्रा अलेवा मंडल का नगूरां, बड़ौदा मंडल का घोघडिय़ा, छातर मंडल का करसिंधु एवं उचाना मंडल में शहर के भगत सिंह चौक पर पहुंची। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की अगुवाई में निकाली गई तिरंगा यात्रा में युवा बाइकों, गाडिय़ों के साथ शामिल हुए। हर जगह फूलों की बारिश से भव्य स्वागत ग्रामीणों ने यात्रा का किया। हर गांव में जोरदार स्वागत तिरंगा यात्रा का हुआ। विधायक ने गाया देशभक्ति गीत : उचाना के भगत सिंह चौक पर यात्रा के समापन पर विधायक द्वारा ये देश है वीर जवानों का अलबेलों का मस्तानों का गीत गाया। अत्री ने कहा कि भारत दुनिया में अपनी शक्ति का प्रदर्शन करके बता दिया है कि वह किसी को सताता नहीं अगर उसकी और कोई आंख उठाता है तो उसे सबक सिखाना जानता है। वह दिन दूर नहीं जब भारत विश्व गुरू बनेगा। हर भारतीय को तिरंगा यात्रा का सम्मान करना चाहिए। तिरंगा यात्रा में सवार हजारों बाइक सवारों का भी विधायक ने आभार वक्त किया।

#### अगस्त शहीदों की कुर्बानी को सलाम करने का महीना

विधायक ने कहा कि अगस्त का महीना उन सभी शहीदों और देश भक्तों की शहादत तथा कुर्बानी को सलाम करने का महीना है। शहीदों को नमन करने और अपनी सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से ही देश भर में प्रत्येक विधानसभा स्तर पर सरकार ने तिरंगा यात्रा निकालने का अभूतपूर्व फैसला लिया है। सतीश जांगड़ा, दीपक नंबरदार, रिषिराज भार्गव, गौरव शर्मा, रमेश राणा, साधुराम गुरूकुल खेड़ा, रामभज करसिंधु, मुकेश सुदकैन, संदीप गुरूकुल खेड़ा, गोल्डी डूमरखां, संदीप चहल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



**जींद।** बैठक में भाग लेते कार्यकर्ता। *फोटो :हरिभूमि*

## सैक्टर कमेटी गठित करने के निर्देश

**जींद।** बहुजन समाज पार्टी विधानसभा उचाना की संगठन समीक्षा बैठक सामुदायिक भवन पेगां में हुई। जिसमें बहुजन समाज पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण जमालपुर ने शिरकत की। विधानसभा संगठन की गहनता से समीक्षा की तथा शीघ्र सैक्टर कमेटी गठित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कहा कि हरियाणा में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नही है। आए दिन दिनदहाड़े हत्याएं, लुटपाट, फिरौती एवं डकैती की घटनाएं आम हो गई हैं। अपराधियों में प्रशासन का कोई भय नही है तथा प्रदेश में पुलिस अपराधियों से मिली हुई नजर आती है। दलितों एवं पिछड़ों पर आए दिन जुल्म ज्यादतियां हो रही हैं और बहन बेटियां तक सुरक्षित नही हैं। पुलिस थानों में दलितों को यातनाएं देकर मारा जा रहा है। भाजपा सरकार ने गरीबों के वोट हथियाने के लिए चुनाव के समय तो धड़ल्ले से लोगों को बीपीएल सूची में शामिल किया लेकिन अब उन्हीं लोगों का बीपीएल सूची से नाम हटा कर तमाम सुविधाओं से वंचित किया जा रहा है तथा अब युनिवर्सिटियों एवं कालेजों द्वारा गरीब परिवारों के बच्चों की स्कालरशिप खत्म की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### गांव और स्कूल को नहीं भूले विंग कमांडर डा. गर्ग



**पाई।** लंबे समय पहले गांव करोड़ा को छोड़कर कैथल में जाकर बसा गर्ग परिवार आज भी अपने गांव से जुड़ा हुआ है। जहां ये परिवार हर वर्ष धार्मिक कार्यक्रम में गांव में पहुंचता है तो वहीं समय समय पर सामाजिक सहयोग भी करता रहता है। आज जब गांव के कन्या स्कूल के मुख्य गेट का लोकार्पण समाज द्वारा किया गया तो स्कूल में स्कूल स्टाफ द्वारा स्कूल में बेटियों के लिए मीड डे मील का खाना बेटियों को अच्छे से खिलाया जा सके।

### दुकान और मकान से हजारों का सामान चुराया

**कैथल।** कस्बा फतेहपूर पुंडरी से चोर एक दुकान का ताला तोड़कर वहां से हजारों रुपए व अन्य सामान चुरा कर ले गए। फतेहपुर पूंडरी के राहुल ने पुंडरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 10 अगस्त को रात के समय कर उसकी दुकान का ताला तोड़कर वहां रखे 3000 की नकदी और बैटरी चुरा कर ले गए। सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी।

### स्कूल में लक्षिता का जन्मदिन मनाया

**राजौंद।** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल जाखौली में लक्षिता चहल का जन्मदिन बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान लक्षिता चहल के माता-पिता व नानी विद्यालय आए और केक काटकर अपनी बेटी का जन्मदिन मनाया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को चॉकलेट वितरित की और विद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों को मिठाई खिलाई।

### रास्ता रोककर मारपीट करने का लगाया आरोप

**कैथल।** गांव लैंडर कीमा में रास्ता रोककर मारपीट करने से एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव बैहर साहब के कृष्ण ने सदर पुलिस कैथल को दी शिकायत में बताया कि जब 9 अगस्त को वह अपने भाई सुखदेव के साथ गांव लैंडर कीमां से जा रहा था तो दर्शन सिंह ने उनका रास्ता रोकते हुए उन पर चाकू व लाठी से हमला करते उन्हें घायल कर दिया।

### एनसीसी कैडेटस को बांटे तिरंगे

**कैथल।** आर.के.एस.डी. महाविद्यालय, कैथल में स्वतंत्रता दिवस 2025 के संदर्भ में चलाये जा रहे अभियान 'हर घर तिंरगा' को आगे बढाते हुए महाविद्यालय की तरफ से एनसीसी कैडेटस को तिंरगा वितरित किया गया। प्राचार्य डॉ राजबीर पारासर एवं एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेट डॉ रघुबीर लाम्बा ने 20 कैडेट्स को राष्ट्र ध्वज तिरंगा वितरित किया एवं इस मुहिम को आगे बढाकर राष्ट्र भावना को जागृत करने का आवह्वान किया।

### दादी सती मंदिर में कल मेला व भंडारा

**पाई।** गांव करोड़ा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भादों पंचम मेला दादी सती मन्दिर में बड़े हर्षोल्लास से मनाया जा रहा हैं जिसकी तैयारी लगभग पूरी हो चुकी हैं। दादी सती कमेटी प्रधान सत्यवान सिंह ने बताया कि 12 अगस्त को रात्रि महाजागरण होगा जिसमें प्रसिद्ध गायक रामधन गोश्वामी दादी सती का गुणगान करेंगे।13 अगस्त को विशाल भण्डारा व मेले का आयोजन होगा ।

## विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार का आह्वान

# जिले के प्रमुख संगठनों का विदेशी कंपनियों के खिलाफ रोष प्रदर्शन

### स्थानीय उत्पादों का उपयोग और कारीगरों को बढ़ावा देना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

जिले के विभिन्न व्यापारिक संगठनों, स्वदेशी जागरण मंच व जिले के प्रमुख संगठनों ने कैथल में विदेशी कंपनियों के विरोध में रोष प्रदर्शन किया। स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत कार्यालय प्रमुख ताराचंद ने बताया कि आज के रोष प्रदर्शन में उद्योग व्यापार मंडल, विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, एक देश एक चुनाव समिति, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भारतीय जनता पार्टी, व्यापार प्रकोष्ठ, सैनी महा सभा, धर्म जागरण सहित कई व्यापारिक एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों, स्वदेशी जागरण मंच के सदस्यों सहित सैंकड़ों नगरवासियों ने भाग लिया। ताराचंद ने बताया कि हमें सामान्य रूप से विदेशी वस्तुओं का न्यूनतम उपयोग और चीन, तुर्की, अमेरिका व अन्य विरोधी देशों की वस्तुओं और सेवाओं का बहिष्कार करना चाहिए। कुछ अपवादों को छोड़, विदेशी विश्वविद्यालयों में अध्ययन का मोह त्यागना चाहिए। स्थानीय उत्पादों का उपयोग और कारीगरों को बढ़ावा देना चाहिए। 12 जून, 2025 को स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान की शुरुआत के साथ, स्वदेशी आंदोलन को फिर से गति दी गई है, जिसका उद्देश्य देश के कोने-कोने में भारत को पुनः महान बनाने के लिए जागरूकता पैदा करना है। कुछ क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने में राजनीतिक इच्छाशक्ति, नीतिगत हस्तक्षेप और जनभागीदारी ने सकारात्मक परिणाम दिखाए हैं। उदाहरण के लिए, स्थानीय कोविड वैक्सीन का आविष्कार और निर्माण करके, भारत न केवल अपने करोड़ों नागरिकों की जान बचा सका, बल्कि विश्व की एक बड़ी आबादी को बचाने में भी मदद की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग संबंधित ब्यान का स्वागत करते हुए स्वदेशी उत्पादों की खरीद एवं बिक्री से संबंधित कई महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गए। स्वदेशी उत्पादों की खरीद और बिक्री भी राष्ट्र की सच्ची सेवा है। वैश्विक अनिश्चितताओं की वर्तमान परिस्थितियों में जहां वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं, भुगतान प्रणालियों और वैश्विक मुद्राओं को हथियार बनाया जा रहा है।



**कैथल।** पिहोवा चौक पर प्रदर्शन करते स्वदेशी जागरण मंच के सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

#### स्वदेशी वस्तुएं अपनाएं

स्वदेशी जागरण मंच से एडवोकेट जितेंद्र शर्मा ने बताया कि अमेरिका और अन्य देश अधिक से अधिक संरक्षणवादी बन रहे हैं और अन्यायपूर्ण गैर-टैरिफ बाधाओं का उपयोग करके वैश्विक निर्यात को अवरुद्ध किया जा रहा है। कुछ देशों, विशेष रूप से चीन द्वारा अतिरिक्त क्षमताओं के आधार पर अपना माल भारत में डंप किया जा रहा है और हमारे विनिर्माण को खत्म करने का षड्यंत्र किया जा रहा है। ऐसे में स्वदेशी राष्ट्रीय हितों की रक्षा का एक महत्वपूर्ण साधन हो सकता है।

#### ये रहे मौजूद

इस रोष प्रदर्शन में डॉ. राजेंद्र ठकराल, सुल्तान सिंह, अधिवक्ता प्रेम छाबड़ा, चन्द्रभान मित्तल, अभिषेक, शशि सैनी, मुकेश, विशाल, अमित, गौरव, दिनेश, सुरेश, मा मुकेश, भूपेंद्र आदि सहित जिले के प्रमुख संगठनों के सैकड़ों नागरिकों ने भाग लिया।


**कैथल।** अव्वल रहे खिलाडियों को सम्मानित करते एमडी सुरेश नैन।

# कैथलः ब्लॉक स्तरीय खेलों में नरडांचल स्कूल का दबदबा

- पांच से 8 अगस्त तक सूरजमल जाट स्टेडियम में किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

कैथल ब्लॉक के खेलों का आयोजन 5 अगस्त से लेकर 8 अगस्त तक महाराजा सूरजमल जाट स्टेडियम में किया गया जिसमें नरडांचल स्कूल के खिलाड़ियों ने अपने खेलों का प्रदर्शन दिखाकर कैथल ब्लॉक में एक स्कूल की अलग पहचान बनाई । खेलों में अच्छा परिणाम आने पर बच्चों का स्कूल में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया और उन्हें जिला स्तरीय खेलों में क्वालीफाई करने पर स्कूल के एमडी सुरेश नैन ने बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भाग लेने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। इस मौके पर स्कूल की प्रिंसिपल सीमा रानी व सपना मैडम , भारती मैडम, शिल्पी मैडम, अमित सर पानसुल सर , सुल्तान सर और अन्य स्टाफ मेंबर भी मौजूद रहे स्कूल के डीपीई रणदीप ढुल ने बताया कि खेलों से बच्चों का स्वर्गणिया विकास होता है और और खंड स्तरीय खेलों में नरडांचल स्कूल को मिलने वाली उपलब्धियां का वर्णन किया। अंडर 17 क्रिकेट में स्कूल की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया।

#### 400 मीटर दौड़ में कशिश ने दूसरा स्थान प्राप्त किया

इसमें खो-खो प्रतियोगिता में अंडर 17 आयु वर्ग में लड़के व लड़कियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। खो-खो अंडर-19 प्रतियोगिता में लड़कियों ने प्रथम स्थान व लड़कों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । रिले रेस अंडर 17 अंडर 19 में लड़कियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रिले रेस 100×4 अंडर 14 में लड़कियों ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। रिले रेस 100×4 अंडर 17 और अंडर-19 में लड़कों ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। शॉट पुट में अंडर 17 रितिक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शॉट पुट अंडर 19 तनु संधू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 100 मी दौड़ में दिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में कशिश ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में खुशी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

# आधार अपडेट का कार्य जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

- सुचारू रूप से संचालित हो रहा आधार अपडेट और दुरुस्तीकरण का कार्य


दीपक बाबू लाल करवा

एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने बताया कि नागरिकों की सुविधा के लिए आधार कार्ड में अपडेट और दुरुस्तीकरण का कार्य विभिन्न रजिस्ट्रार एजेंसियों के माध्यम से सुचारू रूप से निरंतर संचालित किया जा रहा है। यह समस्त कार्य भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के तहत पारदर्शिता व सुरक्षा के साथ किया जा रहा है। नागरिकों की सुविधा के लिए यह स्वास्थ्य विभाग, एसयूडीए, बैंक, डाकघर तथा क्रीड विभाग की आधार मशीनों के माध्यम से किया जा रहा है। क्रीड विभाग द्वारा सभी खंडों में यह सेवा पूरी तरह निःशुल्क प्रदान की जा रही है, जिससे जिला के नागरिक लाभ उठा रहे हैं। एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने बताया कि क्रीड विभाग द्वारा यह सुविधा नगर पालिका कैथल, बीडीपीओ कार्यालय कैथल, बीडीपीओ कार्यालय चीका, बीडीपीओ कार्यालय सीवन, नगर पालिका कलायत, नगर पालिका राजौंद, बीडीपीओ व नगर पालिका कार्यालय पूंडरी तथा तहसील कार्यालय ढांड में उपलब्ध है। यहां पर कोई भी नागरिक संबंधित दस्तावेजों के साथ निशुल्क अपना नया आधार कार्ड बनवा सकता है और पुराना अपडेट करवा सकता है। इसके अलावा डिट्स द्वारा एमसी ऑफिस कैथल, गुहला तहसील, नागरिक अस्पताल कैथल में आधार केंद्र संचालित हैं।

#### शिविर का आयोजन

स्टेट अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एसयूडीए) द्वारा जिला के सभी नगर पालिकाओं में आधार अपडेशन का कार्य किया जाता है। इसी प्रकार यूनियन बैंक कैथल, केनरा बैंक ढांड रोड कैथल, भारतीय स्टेट बैंक पूंडरी, भारतीय स्टेट बैंक गुहला तथा मुख्य डाकघर कैथल में आधार केंद्र सुचारू रूप से चल रहा है। उन्होंने बताया कि नागरिकों की सुविधा के लिए समय-समय पर खंड स्तर पर विशेष आधार शिविरों का आयोजन भी किया जाता है।

# गैरकानूनी धर्मांतरण के लिए सजा का प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

- धर्म परिवर्तन करने से पहले किसी भी व्यक्ति को देना होगा उपायुक्त कार्यालय में घोषणा पत्र


डीसी प्रीति

हरियाणा विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन निवारण अधिनियम एवं नियम, 2022 के प्रावधानों की अनुपालना जिला में प्रभावी ढंग से सुनिश्चित की जाएगी। किसी भी रूप से नियमों की अवहेलना न हो, इसके लिए प्रशासन अलर्ट मोड में है व तय नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। डीसी प्रीति ने बताया कि हरियाणा विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन निवारण अधिनियम एवं नियम, 2022 के प्रावधानों के तहत धर्म परिवर्तन करने का इरादा रखने वाले किसी भी व्यक्ति को धर्म परिवर्तन से पहले उपायुक्त कार्यालय को प्रपत्र 'क' में एक घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा। जिन मामलों में धर्मांतरण किया जाने वाला युवा नाबालिग है, तो जीवित माता-पिता दोनों को प्रपत्र 'ख' में एक घोषणा पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, किसी भी धार्मिक पुजारी या धर्मांतरण समारोह का आयोजन करने वाले व्यक्ति को उपायुक्त कार्यालय में प्रपत्र 'ग' में पूर्व सूचना देनी होगी जहां धर्मांतरण की योजना है। ऐसी घोषणाएं या सूचनाएं प्राप्त होने पर, उपायुक्त कार्यालय से एक रसीद जारी करके उनकी पावती देंगे।

#### गैरकानूनी धर्मांतरण के लिए एक से पांच साल की कैद

डीसी ने बताया कि अधिनियम में यह प्रावधान है कि गैरकानूनी धर्मांतरण के लिए एक से पांच साल की कैद और कम से कम एक लाख रुपये का जुर्माना हो सकता है। अगर कोई व्यक्ति शादी करने के लिए अपना धर्म छुपाता है, तो उसे तीन से दस साल की कैद और कम से कम तीन लाख रुपये का जुर्माना हो सकता है। नाबालिग, महिला या अनुसूचित जाति या जनजाति के व्यक्ति का धर्मांतरण करने पर चार से दस साल की कैद और कम से कम तीन लाख रुपये का जुर्माना हो सकता है। सामूहिक धर्मांतरण, जिसे एक ही समय में दो से ज़्यादा लोगों के धर्मांतरण के रूप में परिभाषित किया गया है, के लिए पाँच से दस साल की कैद और कम से कम चार लाख रुपये का जुर्माना हो सकता है।

#### धर्म छिपा कर की गई शादी अमान्य

बताया कि अधिनियम में यह भी प्रावधान है कि शादी के लिए अपना धर्म छिपाने के प्रावधान का उल्लंघन करके किया गया कोई भी विवाह अमान्य माना जाएगा। ऐसे विवाह से पैदा हुआ कोई भी बच्चा वैध माना जाएगा और उसकी संपत्ति का उत्तराधिकार उसके माता-पिता के उत्तराधिकार कानूनों के अनुसार होगा।

#### धोखा, गैरकानूनी प्रलोभन से बचाना उद्देश्य

डीसी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य व्यक्तिगत धार्मिक स्वतंत्रता में हस्तक्षेप करना नहीं है, बल्कि नागरिकों को धोखे, जबरदस्ती या गैरकानूनी प्रलोभन से बचाना है। उन्होंने बताया कि अधिनियम किसी भी व्यक्ति को गलत बयानी, बल प्रयोग, धमकी, अनुचित प्रभाव, प्रलोभन या कपटपूर्ण तरीकों (डिजिटल माध्यमों सहित) के माध्यम से किसी अन्य व्यक्ति का एक धर्म से दूसरे धर्म में धर्मांतरण करने या ऐसा करने का प्रयास करने से रोकता है। यह विवाह द्वारा या विवाह के लिए धर्मांतरण पर भी प्रतिबंध लगाता है।

# जनता तक सही जानकारी पहुंचाएं : जिन्दल

- सांसद नवीन जिन्दल ने कुरुक्षेत्र एवं कैथल के पत्रकारों और गणमान्य व्यक्तियों को करवाया संसद भवन का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल


**कैथल।** सांसद नवीन जिंदल पत्रकारों के साथ। *फोटो: हरिभूमि*

सांसद नवीन जिन्दल ने आज संसद भवन में चल रही कार्यवाही का कुरुक्षेत्र और कैथल के पत्रकारों को सीधा अवलोकन कराया। संसद में उठाए प्रश्नों के बारे में भी बातचीत की। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों के साथ लोकसभा और राज्यसभा की कार्यप्रणाली, विधायी प्रक्रियाओं और संसदीय परंपराओं को लेकर भी चर्चा की। सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि लोकतंत्र में संसद की भूमिका सर्वोपरि है और यहां होने वाली चर्चाएं व निर्णय देश की दिशा तय करते हैं। कुरुक्षेत्र व कैथल जिला से पहुंचे लगभग 100 सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल ने देखा कि किस तरह प्रश्नकाल, शून्यकाल और विभिन्न विधेयकों पर चर्चा होती है। साथ ही सरकार और विपक्ष के बीच बहस के लोकतांत्रिक महत्व पर भी प्रकाश डाला। सांसद जिन्दल ने कहा कि पारदर्शिता और जनसंपर्क को मजबूत करना उनका प्राथमिक उद्देश्य है, और इसी कड़ी में यह पहल की गई है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम लोगों को संसदीय कार्यवाही को गहराई से समझने में मदद करेंगे, जिससे जनता तक सही और तथ्यात्मक जानकारी पहुंचेगी। इस अवसर पर उन्होंने अपने न्यू मोती बाग स्थित निवास स्थान पर सभी के साथ भोजन एवं जलपान भी किया।

# सीएम विंडो कागजी खानापूर्ति बनीः गोगी

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी

- सीएम विंडो पर शिकायत दर्ज के बावजूद हल नहीं


रामप्रकाश गोगी।

इनेलो नेता एवं हरियाणा वाटर पॉल्यूशन बोर्ड के पूर्व सदस्य रामप्रकाश गोगी ने प्रदेश सरकार की सीएम विंडो व्यवस्था को पूरी तरह नाकाम करार देते कहा कि प्रशासन ने इसे सिर्फ दिखावे और खानापूर्ति का साधन बना दिया है। गोगी ने आरोप लगाया कि नगर पालिका हो, पी.डब्ल्यू.डी. विभाग हो या फिर अन्य सरकारी दफ्तर सीएम विंडो पर शिकायत दर्ज करने के बावजूद न समाधान मिलता है, न ही कोई कार्रवाई। उन्होंने कहा सी.एम. विंडो का असली मकसद जनता को राहत देना था, लेकिन आज यह भ्रष्टाचार और लापरवाही का अड्डा बन गई है। खुलासा किया कि पूंडरी नपा के पिछले 8 वर्षों के लंबित पी.पी. एक्ट मामलों का निपटारा करने के नाम पर केवल फाइलें आगे-पीछे की जाती हैं। एसडीएम, सीटीएम, डीएसपी, ईओ, केनाल, नपा सचिव सहित कई अफसरों पर आरोप लगाया कि वे एक-दूसरे पर जिम्मेदारी टालकर जनता की आवाज दबा रहे हैं।

### राकेश कोटड़ा बने प्रधान

**राजौंद।** राजौंद विद्युत प्रसारण निगम कार्यालय के प्रांगण में हरियाणा इलेक्ट्रिसिटी महासंघ वर्कर्स यूनियन सब यूनिट राजौंद की कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान चुनाव अधिकारी सर्किल सचिव जितेंद्र बाकल, पुंडरी यूनिट प्रधान राकेश कोटडा, राकेश जाखौली सचिव चुनाव कमेटी द्वारा इलेक्शन करवाया गया। इसमें लगातार तीसरी बार अश्विनी ढांडा सब यूनिट राजौंद प्रधान, दूसरी बार मुकेश कोटडा को सचिव, रोहतास कैशियर, तीसरी बार प्रवीण कोटडा को उप प्रधान,रमन खटकड़ सह सचिव, दूसरी बार सुखदेव शर्मा को संगठनकरता चुनाव प्रक्रिया द्वारा बनाया गया।

# तय समय में किया जाए जन शिकायतों का निवारणः डीसी

- लघु सचिवालय में जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

डीसी प्रीति ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि सभी अधिकारी समाधान शिविर में आने वाले आमजन की शिकायतों को संवेदनशीलता के साथ सुने और उनका तय समय में निवारण सुनिश्चित करें। कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित नहीं रहना चाहिए। सोमवार को आयोजित शिविर में लोगों की शिकायतों को सुना गया और उनके समाधान के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के आदेशानुसार जिला प्रशासन की ओर से जिला मुख्यालय सहित उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार व वीरवार को लगाए जा रहे हैं। यह शिविर जिला के आमजन के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं। नागरिकों को एक ही छत के नीचे सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान मिल रहा है। इस शिविर में नागरिक परिवार पहचान पत्र में त्रुटि, राशन कार्ड, पेंशन, पुलिस विभाग, बिजली विभाग आदि से संबंधित समस्याओं का समाधान पा सकते हैं।

## एसडीएम ने उपमंडल स्तरीय समारोह को लेकर दिए निर्देश

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल कल

- राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चीका के ग्राउंड में मनाया जाएगा 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭गुहला-चीका


**गुहला-चीका।** उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां करते विद्यार्थी।

एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चीका के ग्राउंड में मनाया जाएगा। इस समारोह की प्रशासनिक तौर पर तैयारियां चल रही है। उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर सभी विभाग आपसी तालमेल से कार्य करें। जिस विभाग को जो भी जिम्मेदारी दी गई है उनका निर्वहन सही से हो। उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की अंतिम रिर्हसल 13 अगस्त को होगी। कार्यक्रम में राजकीय कन्या वरिष्ट माध्यमिक विद्यालय चीका की छात्राओं द्वारा हरियाणवी नृत्य व वन्दे मातरम, ए वी विद्या मन्दिर चीका की छात्राओं द्वारा ग्रुप डांस, कोहिनूर इंटरनेशनल अकैडमी टटियाणा के बच्चों द्वारा गिद्दा व भंगड़ा, जेवियर इंटरनेशनल एकेडमी चीका तथा इंडियन हाईटस इंटरनेशनल स्कूल बदसूई की छात्राओं द्वारा देशभक्ति नृत्य, एसडी वमावि चीका की छात्राओं द्वारा कोरियोग्राफी, सरदार प्रीतम सिंह मैमोरियल स्कूल बदसूई की छात्राओं द्वारा भंगड़ा की प्रस्तुति दी जाएगी।

#### विद्यार्थियों का अभ्यास निरंतर जारी रखें

खंड शिक्षा अधिकारी बलबीर कश्यप के नेतृत्व में सोमवार को भवानी मंदिर के सभागार में स्वतंत्रता दिवस समारोह में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का चयन किया गया। उन्होंने मौके पर मौजूद सांस्कृतिक टीमों के इंचार्जों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि विद्यार्थियों का अभ्यास निरंतर जारी रखें, ताकि सांस्कृतिक कार्यक्रमों में निखार आए। सभी विद्यार्थियों का आपसी तालमेल होना बहुत आवश्यक है, इसका भी ध्यान रखा जाए।


**न्यायालय तहसीलदार कम सब रजिस्ट्रार साहिब जीन्द।**

**मैं, शेरू सिंह पुत्र सतबीर सिंह निवासी म. नं. 234/11 आदर्श स्कूल के पास सफीदो गेट जीन्द हूँ**

**बनाम जनरल पब्लिक**

1 इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि **मेरी मां सरोज पत्नी सतबीर सिंह** का स्वर्गवास दिनांक 07.01.2003 को हो चुका है।

3 यह है कि स्व. **मां सरोज पत्नी सतबीर सिंह** का स्वर्गवास दिनांक 07.01.2003 को हो चुका है। मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न है

3 यह है कि **श्रीमती सरोज पत्नी सतबीर सिंह** के कानुनी वारसान निम्नलिखित हैं

| क्र. | नाम | मृतक के साथ रिलेशन |
|---|---|---|
| 1 | सतबीर सिंह | पति |
| 2 | शेरू सिंह | पुत्र |
| 3 | सोनु सिंह | पुत्र |

उपरोक्त के अलावा स्व. **श्रीमती सरोज पत्नी सतबीर सिंह** के अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके संबंध में प्रार्थी ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। इसके लिए हर आम व खास को इस इश्तहार नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक व एतराज हो तो वह स्वंय अभिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाश के उपरान्त 30 दिन के अन्दर अन्दर इस कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 8.8.25 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया है।

**हस्ता/- सब/रजिस्ट्रार साहिब जीन्द।**

## खबर संक्षेप

### तिरंगा देश के गौरव और पहचान का प्रतीकः कैप्टन



**गुहला-चीका।** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि देश का तिरंगा हमारे गौरव और पहचान का प्रतीक है। हमें हमेशा इसका सम्मान करना चाहिए और अपने जीवन में इसके मूल्यों साहस, सत्य और एकता को अपनाना चाहिए। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है।

### अमर स्कूल किठाना में किया पौधरोपण

**राजौंद।** अमर पब्लिक स्कूल किठाना में एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया गया। जिसमें कक्षा नौवीं तथा दसवीं के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। बच्चों को पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए पेड़ो का महत्व बताया। स्कूल प्रेजिडेंट सरोज ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर आंगन में एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए।

### नौगामा खाप की ट्रैक्टर यात्रा 15 अगस्त को

**जींद।** गांव गुलकनी में भाकियू व नौगामा खाप की बैठक हुई। इसमें फैसला लिया गया कि 15 अगस्त को नौगामा खाप के 21 गांव के किसानों द्वारा ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। सैंकड़ों ट्रैक्टर इस यात्रा मे शामिल होंगे हर ट्रैक्टर पर भारतीय किसान यूनियन का झडा व तिरंगा झंडा लगाया जाएगा। 15 अगस्त को ही गुलकनी के किसान शहिद स्मारक पर 65 फू ट ऊंचा तिरंगा झंडा फहराया जाएगा।

### सैनिकों व अर्धसैनिकों ने मनाया तिरंगा उत्सव

**कैथल।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण विभाग कैथल की ओर से तिरंगा उत्सव का आयोजन यिका गया। इसमें बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक/वीर नारियों और एनसीसी कैडेटों ने भाग लिया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। फौजी कर्मबीर ने देश भक्ति गीत गाकर लोगों में जोश और जुनून भर दिया।

### हर घर तिरंगा अभियान में भाग लें सभी आमजन

**कैथल।** डीसी प्रीति ने आजादी का अमृत काल' के अंतर्गत आगामी 15 अगस्त 2025 तक पूरे कैथल जिले में हर घर तिरंगा अभियान देशभक्ति की भावना के साथ मनाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य जन-जन में देशभक्ति की भावना का संचार करना है। इस अभियान को केवल एक सरकारी पहल न मानते हुए इसे एक जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाना है। सभी आमजन इस अभियान में सक्रिय रूप से भागीदारी निभाएं।

### स्वतंत्रता दिवसः आज होगी तैयारियों को लेकर बैठक

**जींद।** नगराधीश मोनिका रानी ने बताया कि जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर 12 अगस्त को लघु सचिवालय में दोपहर 12 बजे बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक की अध्यक्षता डीसी मोहम्मद इमरान रजा करेंगे। सभी सम्बन्धित अधिकारी समय पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

### आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए आवेदन 30 तक

**जींद।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। व्यक्तियों और संगठनों के अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा भाव को पहचानने और सम्मानित करने

### मेरी फसल, मेरा ब्योरा का पंजीकरण 31 तक

**जींद।** मेरी फसल.मेरा ब्योरा पोर्टल पर खरीफ फसलों का पंजीकरण किया जा रहा है। पंजीकरण के लिए निर्धारित अंतिम तिथि अब 31 अगस्त कर दी है। अब तक पंजीकरण नहीं करवाने वाले किसान पंजीकरण करवा सकते हैं।

---

### जींद व कैथल में वीर शहीदों को किया नमन, तिरंगे के साथ उमड़ा जनसैलाब

# मनोहरपुर गांव में डिप्टी स्पीकर की अगुवाई में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

शहर की सड़कें और गांवों की गलियां में सुनाई दी देशभक्ति के नारों की गूंज

**हरिभूमि न्यूज ⏭जींद**



जींद। तिरंगा यात्रा में शामिल डा. कृष्ण मिड्ढा। फोटो: हरिभूमि

आजादी के अमृत काल और स्वतंत्रता दिवस समारोह के उपलक्ष्य में पूरे देश में जारी हर घर तिरंगा अभियान के तहत जींद विधानसभा के गांव मनोहरपुर में सोमवार को भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस तिरंगा यात्रा की अगुवाई हरियाणा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने की। तिरंगा यात्रा में गांव के पुरूष, महिलाएं एवं युवाओं ने बढ़चढ़कर भाग लिया और देशभक्ति के नारे लगाकर गलियों को गुंजाएमान कर दिया। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने यात्रा के समापन पर उपस्थित नागरिकों को संबोन्धित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में पूरे देश एवं प्रदेश में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। पूरा देश तिरंगे के रंग में रंगा हुआ है। तिरंगा हमारी शान है, इसका सम्मान हमारा कर्तव्य है। यह यात्रा राष्ट्रभक्ति, एकता और तिरंगे के सम्मान का सशक्त प्रतीक है। हमारे देश के बहादुर सैनिक तिरंगे की आन बान शान को कायम रखने के लिए सर्दी, गर्मी, बारिश में सीमाओं पर तैनात रहते हैं और देश की रक्षा करते हैं। हमें हमारे सैनिकों पर गर्व है। अभी हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के जरिये हमारे जाबांज सैनिकों ने दुश्मन को मुहतोड़ जवाब दिया था। उन्होंने कहा कि आज का भारत युवा शक्ति, एकता और राष्ट्रभक्ति से परिपूर्ण है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे देशहित को सर्वोपरि रखते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। तिरंगा हमारी शान है और यह भावना प्रत्येक नागरिक के हदय में बसनी चाहिए। भारत युवाओं का देश है और जब कोई युवा देश के लिए स्वयं को समर्पित करता है तो भारत की प्रगति को कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य देशवासियों में देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना को प्रोत्साहित करना है। इस यात्रा के माध्यम से लोग अपने घरों पर तिरंगा फहरा कर और स्वतंत्रता दिवस के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेकर स्वतंत्रता संग्राम के वीर सपूतों के बलिदानों को स्मरण करते हैं।

#### बच्चों को देश की एकता व अखंडता के संस्कार दें

उन्होंने अपील की कि 14 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहरा कर शहीदों के बलिदान को नमन करें और अभियान से जुड़ी तस्वीरें सोशल मीडिया व **हरघरतिरंगाडॉटकॉम** पर साझा करते समय हैश टैग का प्रयोग करें ताकि अन्य लोग भी प्रेरित हों। उन्होंने कहा कि यह हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है कि बचपन से ही बच्चों में देश की एकता और अखंडता का महत्व समझाने के संस्कार डालें। यदि बच्चों को प्रारंभ से ही हमारे शहीदों और सैनिकों के त्याग और साहस की कहानियां सुनाई जाएंगी तो उनके मन में सम्मान और गर्व की भावना पनपेगी और यही बच्चे बड़े होकर राष्ट्र का गौरव बनेंगे।



पूंडरी। तिरंगा यात्रा के दौरान विधायक सतपाल जांबा, सुभाष हजवाना व अन्य।

## पूंडरी में विधायक ने किया यात्रा का नेतृत्व

**हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी**

■ इंडोर स्टेडियम फतेहपुर से मनसा देवी मंदिर तक निकाली यात्रा

विधायक सतपाल जांबा के नेतृत्व में पूंडरी इंडोर स्टेडियम से फतेहपुर स्थित माता मनसा देवी मंदिर तक निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता के अद्भुत उत्सव में बदल गई। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुभाष हजवाना, जिला परिषद चेयरमैन कर्मबीर कौल, नपा चेयरपर्सन प्रतिनिधि राकेश गोस्वामी, ढांड मंडल प्रभारी हर्ष सेठी विशेष रूप से मौजूद रहे। सुबह से ही क्षेत्रवासियों में इस यात्रा को लेकर उत्साह चरम पर था।

यात्रा में शामिल जनसागर, देशभक्ति से ओत-प्रोत नारों, ढोल-नगाड़ों और रंग-बिरंगे तिरंगों ने पूरे मार्ग को देशप्रेम के रंग में रंग दिया। यात्रा के दौरान लोग अपने घरों, दुकानों और छतों से तिरंगा लहराते हुए यात्रियों का स्वागत करते नजर आए। जगह-जगह पुष्प वर्षा और जलपान की व्यवस्था की गई, जिससे माहौल और भी जीवंत हो गया। छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर वर्ग ने हाथ में तिरंगा लेकर इस आयोजन में बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। विधायक सतपाल जांबा ने यात्रा के समापन पर उपस्थित सभी सम्मानित पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, समाजसेवियों, युवाओं, मातृशक्ति और वरिष्ठजनों का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि यह अद्भुत एकजुटता और जोश यह सिद्ध करता है कि तिरंगा हमारी शान, हमारी पहचान और हमारे अटूट राष्ट्र प्रेम का प्रतीक है। उन्होंने कहा तिरंगा लहराता रहेगा, भारत आगे बढ़ता रहेगा/" केवल नारा नहीं बल्कि हर भारतीय का संकल्प है। उन्होंने विश्वास जताया कि क्षेत्रवासी हमेशा देश की एकता, अखंडता और प्रगति में योगदान देते रहेंगे। इस मौके पर समाजसेवी अजीत सिंह, पार्षद ईशम सिंह भुक्कल व मुलतान गोलन, मन्नु वालिया, मनोज राणा, निधि मोहन, प्रमोद पूंडीर, डॉ. राजेश कुकरेजा सहित अन्य मौजूद रहे।

## देश की आन, बान, शान तिरंगा

■ हर घर तिरंगा अभियान में करोड़ा में निकाली तिरंगा यात्रा, आमजन ने लिया उत्साह से भाग

**हरिभूमि न्यूज ⏭पाई**



पाई। पाई में तिरंगा यात्रा में भाग लेते विधायक सतपाल जांबा। फोटो: हरिभूमि

हर घर तिरंगा अभियान के तहत करोड़ा गांव में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा की अगुवाई पूंडरी के विधायक सतपाल जाम्बा ने की। यात्रा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से शुरू होकर बाबा रामनाथ मंदिर होते हुए शहीद स्मारक बस स्टैंड करोड़ा में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। जगह जगह तिरंगा यात्रा का लोगों द्वारा स्वागत किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, क्षेत्रवासियों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में पूरे देश एवं प्रदेश में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। पूरा देश तिरंगे के रंग में रंगा हुआ है।

**तिरंगे का सम्मान हमारा कर्तव्य**

तिरंगा हमारी शान है, इसका सम्मान हमारा कर्तव्य है। यह यात्रा राष्ट्रभक्ति, एकता और तिरंगे के सम्मान का सशक्त प्रतीक है। हमारे देश के बहादुर सैनिक तिरंगे की आन बान शान को कायम रखने के लिए सर्दी, गर्मी, बारिश में सीमाओं पर तैनात रहते हैं और देश की रक्षा करते हैं।

हमे हमारे सैनिकों पर गर्व है। अभी हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के जरिए हमारे जाबांज सैनिकों ने दुश्मन को मुहतोड़ जवाब दिया था। विधायक सतपाल जांबा ने तिरंगा यात्रा में शामिल होने पर सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया।

## सैनिक बोर्ड में मनाया हर घर तिरंगा अभियान

■ पूर्व सैनिक व एनसीसी कैडेट्स अभियान में हुए शामिल।

**हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल**



कैथल। तिरंगा अभियान के दौरान पूर्व सैनिक और एनसीसी कैडेटस।

पूर्व सैनिक और एन सी सी क्रेडिट ने सभी ने मिलकर जिला सैनिक बोर्ड कैथल में हर घर तिरंगा अभियान मनाया। मुख्य अतिथि पूर्व सैनिक एवं लोक गायक कलाकार जिला परिषद वाइस चेयरमैन प्रतिनिधि फौजी कर्मवीर रहे। अध्यक्षता कर्नल ओ पी शर्मा सचिव जिला सैनिक बोर्ड कैथल रहे। एडवोकेट निशा गुप्ता और हवलदार जगजीत फौजी पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल रहे। जिसका शुभारंभ फौजी कर्मवीर के देशभक्ति गीतों से किया गया वेलफेयर ऑफीसर संजय सिंह ने मंच संचालन करते हुए देश भक्ति गीत भी प्रस्तुत किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय का शुभारंभ किया गया। कर्नल ओ पी शर्मा एडवोकेट निशा गुप्ता एसोसिएशन प्रधान जगजीत फौजी ने शहीदों की शहादत को नमन किया। पूर्व सैनिको ने बुजुर्ग पूर्व सैनिकों द्वारा 1962,1965,1971 के युद्ध की याद ताजा की। निशा गुप्ता ने बताया कि किसी भी सैनिक परिवार, पूर्व सैनिक परिवार व शहीद परिवार इसको भी कोई किसी तरह की कानूनी अड़चन है तो वो हर सोमवार को आकर बता सकता है उसके समाधान के लिए हम यहां हर सोमवार को बैठेंगे कर्नल ओपी शर्मा ने बताया कि जिला सैनिक बोर्ड से संबंधित कोई समस्याएं हैं तो उसे बारे में अवश्य अवगत करवाये। प्रधान जगजीत फौजी ने सभी पूर्व सैनिकों की तरफ से एसोसिएशन की गतिविधियों एवं पूर्व सैनिकों की समस्याओं बारे ओ पी शर्मा को अवगत करवाया।

#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में कैप्टन रवि दत्त शर्मा, हवलदार दीवान सिंह, लेफ्टिनेंट मेघ सिंह राणा सूबेदार मेजर मंगल कौशिक, सूबेदार पुनाराम जडोला, सूबेदार चंद्रपाल , हवलदार कृष्ण कुमार , हवलदार दलबीर सिंह ,हवलदार सोमनाथ कौशिक, एस एम सोमनाथ, कैप्टन अभे सिंह, रिसालदार खजान सिंह,ए एस आई सोमदत्त शर्मा,सूबेदार मेजर तिलक राज, नायक राजपाल, हवलदार मदन सिंह, सिपाही धर्मचंद शर्मा ,हवलदार महेंद्र सिंह,सूबेदार भूपेंद्र सिंह, डब्ल्यू ओ कैरनल सिंह, हवलदार छोटू राम, भतेरी देवी,हवलदार राजाराम,कुलदीप सिंह, हवलदार मांगेराम शर्मा ,सूबेदार संजीव कुमार, सूबेदार मेजर रोशन लाल, हवलदार बलदेव, नाइक रघुवीर सिंह अन्य बहुत से पूर्व सैनिक साथी उपस्थित रहे।

## अलेवा गांव में अवैध कब्जे हटाने की मांग

■ प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ हो निपटारा : एडीसी

**हरिभूमि न्यूज ⏭जींद**



जींद। शिकायतों का समाधान करते हुए एडीसी। फोटो: हरिभूमि

प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जनसमस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निपटारा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर लगातार जनहित में नई मिसाल कायम कर रहे हैं। सोमवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में एडीसी विवेक आर्य ने विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की शिकायतें सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एडीसी विवेक आर्य ने कहा कि समाधान शिविरों का उद्देश्य केवल शिकायत सुनना ही नहींए बल्कि प्रशासन को जनता के और करीब लाना है। यह पहल पारदर्शी और उत्तरदायी शासन व्यवस्था की सशक्त प्रतीक है जो नागरिकों में सरकार के प्रति विश्वास को और गहरा करती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ निपटारा करए शिकायतकर्ता को समाधान की स्पष्ट जानकारी दें।

#### संतोष ने आधार कार्ड व सरोज ने की पेंशन मांग

इनमें गांव अलेवा के एक शिकायतकर्ता ने गोचारागाह भूमि की निशानदेही और उस पर हुए अवैध कब्जे को हटवाने की मांग की। गांव खरक गागर की संतोष ने आधार कार्ड बनवाने में आ रही समस्या रखी। अजमेर बस्ती के श्याम लाल ने बुढ़ापा पेंशन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। सरोज ने अपने पति देवीलाल की पेंशन शुरू करवाने की मांग रखी। इन सभी मामलों पर एडीसी ने तत्काल समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम सत्यवान मान, डीएमसी सुरेंद्र सिंह, सीटीएम मोनिका रानी, डीआरओ राजकुमार, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## 17 को जुटेगा वाल्मीकि समाज

■ मेला मंडी में कार्यक्रम, मुख्यमंत्री नायब सैनी होंगे शामिल।

**हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी**



पूंडरी। पत्रकारों से बातचीत करते हुए शिवकुमार सिसला। फोटो: हरिभूमि

पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में सोमवार को अखिल वाल्मीकि महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार सिसला ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आगामी 17 अगस्त को नरवाना की मेला मंडी में अनुसूचित जाति के नेता, कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी विशेष रूप से शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में सुबह 10 बजे पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम अनुसूचित समाज के अधिकारों, सामाजिक एकता और राजनीतिक सशक्तिकरण को समर्पित होगा। इसमें समाज की तरक्की, युवाओं के रोजगार, शिक्षा और सम्मानजनक भागीदारी को लेकर महत्वपूर्ण घोषणाएं की जाएंगी। इस मंच से समाज के हितों के लिए एकजुटता और मजबूती का संदेश दिया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से विजय सरपंच बरसाना, सोमनाथ सरपंच शील खेड़ा, तरसेम सरपंच शीस्ला, सुखमीत सरपंच खेड़ी मतरवा, अजय सिंह सरपंच पट्टी खोट, सुरेंद्र सरपंच हजवाना, पूर्व सरपंच संजीव मौजूद रहे।

### पांचवें चरण में 11 से 22 अगस्त तक नए आवेदन किए आमंत्रित

# आईटीआईः दाखिले के 4 दौर पूरे, सीटें खाली

■ 12 से 22 अगस्त के बीच फिजिकल काउंसलिंग के तहत मेरिट के आधार पर ऑन द स्पॉट दिए जाएंगे दाखिले

**हरिभूमि न्यूज ⏭जींद**



जींद। दाखिले के लिए पूछताछ के लिए आए छात्र। फोटो: हरिभूमि

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में दाखिले के लिए चौथी मेरिट लिस्ट के बाद खाली बची सीटों पर पांचवें चरण के तहत 11 से 22 अगस्त तक नए आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। 12 से 22 अगस्त के बीच फिजिकल काउंसलिंग के तहत मेरिट के आधार पर ऑन द स्पॉट दाखिले होंगे। वहीं इसी दौरान विद्यार्थियों के पास फीस भरने का भी समय रहेगा। वहीं चौथी मेरिट लिस्ट के बाद खाली बची सीटों की सूची भी जारी हो चुकी है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में शैक्षणिक सत्र 2025.26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया सुचारु रूप से एवं तीव्र गति से जारी है। विभाग द्वारा चार मेरिट सूची जारी की गई है। जिसके तहत कुल 944 सीटों में से 643 विद्यार्थियों ने अपनी दाखिला प्रक्रिया पूर्ण कर ली है। अभी भी 301 सीटें रिक्त हैं।

#### इच्छुक विद्यार्थी ऑनलाइन करें आवेदन

संस्थान के प्राचार्य नरेश कुमार ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को संस्थान की ओर से मोबाइल संदेश और फोन कॉल के माध्यम से व्यक्तिगत रूप से सूचित किया जा रहा है ताकि वे निर्धारित समय सीमा में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर सकें। उन्होंने कहा कि दस्तावेज सत्यापन और समय पर फ ीस भुगतान के बाद ही विद्यार्थियों का दाखिला मान्य एवं सीट सुरक्षित मानी जाएगी। उन्होंने कहा कि अभी भी सीटें रिक्त हैं। इसलिए पांचवें चरण के तहत विभाग द्वारा पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करने का एक और अवसर प्रदान किया जाएगा। 11 अगस्त को रिक्त सीटों की सूची प्रकाशित की गई है और उसी दिन विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। उसके बाद 12 अगस्त से 22 अगस्त तक ऑन द स्पॉट दाखिले की प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। चयनित विद्यार्थियों को दाखिला प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी।



## रघुबीर नैन के भाई के निधन पर शोक जताने पहुंचे नेता व समाजिक संगठनों के प्रतिनिधि

**नरवाना।** सर्वजातीय बिनैन खाप के प्रधान रघुवीर नैन के बड़े भाई बलवीर सिंह नैन के निधन पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता व रणदीप सिंह सुरजेवाला के चाचा बिजेंद्र सिंह सुरजेवाला व कांग्रेस नेता सरदार निशान और इनेलो नेता रामपाल माजरा सहित अनेक राजनितिक व समाजिक संगठनों ने गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने रघुवीर नैन से मुलाकात कर दुःख की इस घड़ी में संवेदनाएं प्रकट कीं और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि बलवीर सिंह नैन मिलनसारए समाजसेवी और अपने परिवार तथा समाज के लिए समर्पित व्यक्ति थे। उनका निधन न केवल परिवार के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को इस कठिन समय में धैर्य व साहस बनाए रखने की सलाह दी। बलवीर सिंह नैन का निधन शनिवार को लंबी बीमारी से हुआ था।